भारत डायनामिक्स लिमिटेड
(रक्षा मंत्रालयाधीन भारत सरकार का संगठन)
कंचनबाग, हैदराबाद

बीडीएल/104/बीडी-पीआर/06 04 नवंबर 2016

मीडिया विज्ञप्ति

## बीडीएल ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया

दिनांक 31 अक्तूबर से 4 नवंबर 2016 तक बीडीएल में सतर्कता जागरुकता सप्ताह बडे उत्साह और जोश के साथ मनाया गया.

उद्घाटन दिवस के अवसर पर श्री वी उदय भास्कर, सी एम डी, बीडीएल ने उद्यम की तीनों यूनिटें हैदराबाद, भानूर तथा विशाखापट्टणम में स्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलायी. उद्घाटन समारोह में श्री एस पिरमनायगम, निदेशक (वित्त), श्री वी गुरुदत्त प्रसाद, निदेशक (उत्पादन), श्री के दिवाकर, निदेशक (तकनीकी), श्री मुजीब पाशा शेख़, मुख्य सतर्कता अधिकारी, डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.) एवं कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

इस वर्ष सतर्कता जागरुकता सप्ताह मुख्य विषय "भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं अखंडता को बढावा देने में जनता की प्रतिभागिता" रहा.

उद्घाटन दिवस पर श्री के पद्मनाभय्या, आईएएस (नि.) अध्यक्ष, एडमिनिस्ट्रेटीव स्टॉफ कालेज ऑफ इंडिया ने इस वर्ष के मुख्य विषय पर अतिथि व्याख्यान दिया. इस सप्ताह के दौरान श्री ए वाई वी कृष्णा, संयुक्त निदेशक, सीबीआई, हैदराबाद तथा श्री कृष्णा शास्त्री पेंड्याला, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के डिजिटल फोरेंसिक इंवेस्टीगेटर के अतिथि व्याख्यान भी रखे गये. समारोह के दौरान कर्मचारियों और विद्ययार्थियों के लिए निबंध लेखन एवं पोस्टर-बनाना प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया.

इस वर्ष के मुख्य विषय पर बीडीएल भानूर यूनिट में विक्रेताओं के साथ परिचर्चा सत्र भी आयोजित किया गया. इस अवसर पर श्री मुजीब पाशा शेख़, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल, श्री एन पी दिवाकर, अधिशासी निदेशक (भानूर यूनिट) एवं भानूर यूनिट के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

इस वर्ष के आयोजन का और एक मुख्य आकर्षण यह रहा कि सतर्कता को बढावा देने के उद्देश्य से बीडीएल के सकर्तता विभाग द्वारा सूचना ब्राउचर ***"AWAKE"*** तैयार किया गया.

समापन समारोह, 4 नवंबर के दिन न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया. कार्यक्रम के दौरान सतर्कता सप्ताह की

विभिन्न आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता कर्मचारियों एवं विद्ययार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए. कार्यक्रम में डॉ. एन के राजू, अधिशासी निदेशक (का. एवं प्रशा.) द्वारा स्वागत संबोधन दिया गया तथा श्री एन सत्यप्रकाश, अपर महाप्रबंधक (सतर्कता) द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया जिसके साथ समारोह का समापन हुआ.




दि. 31 अक्तूबर, 2016 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उद्घाटन के अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए
अडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री के पद्मनाभय्या, आई ए एस, (नि.).




दि. 02 नवंबर, 2016 को बी डी एल भानूर इकाई में दीप-प्रज्वलन करते हुए श्री कृष्णशास्त्री पेण्ड्याला, डिजिटल फोनेन्सिक निरीक्षक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार.




भारत डायनामिक्स लिमिटेड के सतर्कता विभाग द्वारा तैयार की गई ब्राउशर 'अवेक' का विमोचन करते हुए जस्टिस एल नरसिंहा रेड्डी, भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय.